# रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और वित्त मंत्रालय द्वारा 3 महीने के आयोजित वित्तीय समावेशन कैंप का आयोजन

उत्कल मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** गुरुवार को पलामू जिले के प्रखंड तरहसी में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और वित्त मंत्रालय द्वारा 3 महीने के आयोजित वित्तीय समावेशन कैंप का आयोजन. तरहसी पंचायत सचिवालय के प्रांगण में किया गया इस कैंप का उद्देश्य सामान्य खाता और प्रधानमंत्री जनधन योजना द्वारा खोले गए खातों का रिकेवाईसी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना से सभी को अच्छा दीदी अच्छादित करने के लिए स्टेट बैंक आफ इंडिया झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक और पंजाब नेशनल बैंक के संयुक्त तत्वाधान में कैंप का आयोजन किया गया जिसमें सभी बैंकों के बैंक सहायक उपस्थित होकर सभी लोगों को योजनाओं का लाभ देने के लिए



ऑनलाइन प्रक्रिया संपन्न कारये। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय निदेशक श्री प्रेम रंजन सिंह उपस्थित होकर लोगों को संबोधित किया और बताएं कि यह कैंप सभी के लिए कितना महत्वपूर्ण है आए दिन हम सरकारी योजना के लिए बैंकों का चक्कर लगाते हैं आज कैंप के माध्यम से सभी का रीकेवाईसी किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर खाता बहुत दिन पड़े रहने के कारण खाता में केवाईसी लग जाने के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है वहीं दूसरी ओर खाते से फ्रॉड होने का भी प्रबल संभावना रहता है इस कारण केवाईसी करने के बाद इन खतरों से बचा जा सकता है सभी के खाते में मोबाइल नंबर अपडेट होने के लाभ होगा कि सभी प्रकार के जमा और निकासी का पता मोबाइल का एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध हो जाएगा कैंप में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के एफएलसी कमलेश मिश्रा अग्रगति इंडिया से वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान के जिला कोऑर्डिनेटर श्री रुपेश ठाकुर अजय कुमार एवं सुनील कुमार के द्वारा कैंप में सहयोग प्रदान किया गया और उपस्थित लोगों को सुरक्षा बीमा योजना में सहयोग प्रदान किया गया.

**उत्कल मेल, पलामू, 1 अगस्त 2025**